बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-54**
**23/01/2026**

# मुख्यमंत्री ने ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मॉ सरस्वती की पूजा–अर्चना की तथा राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की

पटना, 23 जनवरी 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पूर्व राज्य मुख्य सूचना आयुक्त श्री ए0के0 सिन्हा के आई0ए0एस0 कॉलोनी स्थित आवास पर आयोजित सरस्वती पूजा समारोह में भाग लिया तथा मॉ सरस्वती की पूजा–अर्चना की। उन्होंने राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने 10, स्ट्रैंड रोड पर आयोजित सरस्वती पूजा समारोह में भाग लिया तथा मॉ सरस्वती की पूजा–अर्चना की। मुख्यमंत्री ने बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें भी दी।

साथ ही मुख्यमंत्री ने आज The Panche Kautilya होटल का फीता काटकर उद्घाटन किया और इसका निरीक्षण किया।

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******